संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उपसमिति के द्वारा राजभाषा निरीक्षण एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम

22 से 25 मई, 2026

राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार और सरकारी कामकाज में इसके प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप समिति द्वारा दिनांक 22 मई, 2026 से 25 मई, 2026 तक होटल जे.पी. रेजिडेंसी, मसूरी में एक उच्च स्तरीय निरीक्षण एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान समिति ने विभिन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों (नराकासों) के अध्यक्षीय कार्यालयों तथा उनके अधीन आने वाले कुछ सदस्य संस्थानों के कार्यों की गहन समीक्षा की।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय संसद सदस्य (लोक सभा), श्री भर्तृहरि महताब ने की। उनके साथ समिति के माननीय सदस्यगण व वरिष्ठ सांसद – डॉ. दिनेश शर्मा (राज्य सभा), श्री श्रीयुत श्रीरंग आप्पा बारणे (लोक सभा), श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह (लोक सभा), श्री शंकर लालवानी (लोक सभा) तथा श्री सतीश कुमार गौतम (लोक सभा) भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक सहयोग हेतु समिति के वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, श्री इरफान अहमद खान, रिपोर्टर श्रीमती शिवानी चन्द्रा और समिति सहायक, श्री राहुल गुप्ता ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

राजभाषा के क्षेत्र में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की अग्रणी भूमिका: सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित उपक्रम, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के पास नराकास हरिद्वार एवं नराकास टिहरी की अध्यक्षता का गौरवशाली दायित्व है। निरीक्षण एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम के दौरान टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

क्रमवार निरीक्षण एवं समीक्षा बैठकें:

- **नराकास टिहरी का निरीक्षण:** दिनांक 22 मई, 2026 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी (अध्यक्षीय कार्यालय) के तत्वावधान में नराकास टिहरी की समीक्षा की गई। बैठक में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी के मुख्य

महाप्रबंधक (टीसी) व नराकास अध्यक्ष, श्री आर.आर. सेमवाल तथा सदस्य सचिव व सहायक प्रबंधक, सुश्री बानी शुक्ला की उपस्थिति में 06 अन्य सदस्य कार्यालयों के कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

- **नराकास हरिद्वार का निरीक्षण:** इसी क्रम में 22 मई को ही नराकास हरिद्वार के अध्यक्षीय कार्यालय, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश की समीक्षा की गई। इसमें मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) व नराकास हरिद्वार के अध्यक्ष डॉ. अमर नाथ त्रिपाठी तथा सदस्य सचिव व उप प्रबंधक श्री पंकज कुमार शर्मा के साथ 06 सदस्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श बेहद सफल रहा।

- **नराकास चमोली का निरीक्षण:** दिनांक 23 मई, 2026 को एनटीपीसी (NTPC) जोशीमठ के अध्यक्षीय कार्यालय के साथ-साथ समिति ने विशेष रूप से टीएचडीसी के वीपीएचईपी (VPHEP) पीपलकोटी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पीपलकोटी के कार्यालय प्रमुख एवं कार्यपालक निदेशक, श्री अजय वर्मा तथा वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन), श्री वी.डी. भट्ट सहित 05 अन्य कार्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

भव्य स्वागत एवं प्रमाण-पत्र वितरण: प्रत्येक कार्यक्रम के भव्य शुभारंभ पर संबंधित नराकास के अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत आलेख एवं साक्ष्य समिति के माननीय अध्यक्ष एवं सभी संसद सदस्यों का शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक और आत्मीय अभिनंदन किया गया। विस्तृत समीक्षा और विचार-विमर्श के सत्र सफलतापूर्वक संपन्न होने पर उप समिति द्वारा विभिन्न नराकासों को उनके उत्कृष्ट राजभाषा कार्यों के लिए आधिकारिक प्रमाण-पत्र (Certificates) प्रदान किए गए।

यह संपूर्ण निरीक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड एवं इसके आस-पास के क्षेत्र के विभिन्न केंद्र सरकार के कार्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में राजभाषा के गौरव को बढ़ाने तथा प्रशासनिक कार्यों में हिंदी की स्वीकार्यता को और सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।